>

Title : Need to formulate a scheme for generating power from Kakolat waterfalls in Nawada Parliamentary Constituency of Bihar and to declare it as a tourist spot.

डॉ. भोला सिंह (नवादा): सभापति महोदय, मैं नवादा संसदीय क्षेत्र से आता हूं और जनता के माध्यम से मैं यहां पहुंचा हूं। मैं एक सवाल उठा रहा हूं। काकोलत जो जल प्रपात है, वह राष्ट्रीय स्तर का जल प्रपात है और 1967 में तत्कालीन भारत सरकार ने एक तकनीकी कमेटी वहां भेजी थी, और उस कमेटी ने अनुशंसा की थी कि इस जल प्रपात से 10 मेगावॉट बिजली पैदा की जा सकती है। वहां हजारों देशी और विदेशी पर्यटक प्रतिदिन जाते हैं। हम आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहते हैं कि जिस कमेटी ने अनुशंसा की थी कि 10 मेगावॉट बिजली पैदा की जाए, उस पर सरकार कार्रवाई करे और काकोलत को एक राष्ट्रीय पर्यटक स्थल के रूप में मान्यता देकर इस तरह की घोषणा करे। धन्यवाद।